आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 24.05.2026
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से पंजीकरण कराने की अपील की ।
- केंद्रीय गृह सचिव ने वाइब्रेन्ट विलेज योजना के अंतर्गत जिले के सीमांत गांवों के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– उत्तराखंड की संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।
- और वन विभाग वन क्षेत्रों और नापखेतों में आग लगाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेगा।

.........................................................

चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पौडी की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देश पर उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने यात्रा मार्ग और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। टीम ने सिरोबगड़, गोवा बीच, धारी देवी मंदिर, फरासू, स्वीत, पॉलिटेक्निक हॉल, आवास विकास मैदान तथा एनआईटी मैदान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। यात्रा के दौरान बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रशासन द्वारा चिन्हित पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी श्रीनगर ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

.........................................................

होमस्टे योजना

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार होमस्टे योजना, स्टारगेजिंग और बर्ड वॉचिंग जैसे नए पर्यटन आयामों को बढ़ावा दे रही है, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि होमस्टे योजना में अब कमरों की संख्या छह से बढ़ाकर आठ कर दी गई है। पर्यटन मंत्री ने मसूरी स्थित सोहम हिमालयन सेंटर का दौरा कर वहां स्थापित संग्रहालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत को सहेजने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे "अल्फा टू ओमेगा उत्तराखंड" का अनूठा संग्रह बताया। सतपाल महाराज ने कहा कि संग्रहालय नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र को और विकसित किया जाएगा, और थिएटर एवं आर्ट गैलरी बनाई जाएंगी ताकि उत्तराखंड की संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित किया जा सके। इस दौरान महाराज ने मसूरी–देहरादून मार्ग पर हो रहे अवैध निर्माणों पर चिंता जताते हुए ऐसे निर्माणों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने की बात कही।

.........................................................

वनाग्नि

पौड़ी जिले में लगातार बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी है। विभाग अब वन क्षेत्रों, नापखेतों अथवा आसपास के क्षेत्रों में आग लगाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेगा।

संभागीय वन अधिकारी गढ़वाल महातिम यादव ने कहा कि कई मामलों में आग जंगलों से निकलकर नापखेतों और आबादी वाले क्षेत्रों तक पहुंच रही है, जिससे बड़े नुकसान की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में आग लगाने वालों अथवा लापरवाही बरतने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उधर नई टिहरी जिला मुख्यालय के आसपास स्थित बूढ़ोगी, चवाल खेत और विभिन्न पिकनिक स्पॉट क्षेत्रों के जंगलों में भीषण आग से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी टिहरी पुनीत तोमर ने बताया कि वन विभाग की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं।

वहीं प्रदेश में वन विभाग ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी बढ़ा दी है और लोगों से जंगलों में आग से बचाव को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की है।

.........................................................

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से यात्रा पर आने से पहले पंजीकरण कराने की अपील की है। हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य के हित में आगे बढ़ रही है और विकास की नई इबारत गढ़ रही है। श्री धामी ने कहां की चारधाम यात्रा अपने चरम पर है। उन्होंने कहा कि इस समय यात्रियों की संख्या ज्यादा है जो एक चुनौती है फिर भी श्रद्धालुओं की यात्रा व्यवस्थित और सुगम हो इसके लिए प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

.........................................................

संडे ऑन साइकिल रैली

अल्मोड़ा केंद्रीय गृह मंत्रालय के तत्वावधान में और महानिरीक्षक, सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल रानीखेत के निर्देश पर संडे ऑन साइकिल अभियान का आयोजन किया गया। उप महानिरीक्षक परीक्षित बेहरा ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत आम जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से लोगों को दैनिक दिनचर्या में साइकिल चलाने के लाभों को परिचित कराया गया।

...................................................................

वाइब्रेन्ट विलेज

केंद्रीय गृह सचिव  गोविंद मोहन ने जिला सभागार गोपेश्वर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सर्वांगीण विकास, विशेष रूप से वाइब्रेन्ट विलेज योजना के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि वाइब्रेन्ट विलेज योजना के अंतर्गत जिले के सीमांत गांवों के लिए बड़ी एवं दीर्घकालिक विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए जाएं, ताकि इन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। उन्होंने स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि सीमांत क्षेत्रों की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाना आवश्यक है। धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए केंद्रीय गृह सचिव ने श्री रूद्रनाथ मंदिर ट्रैक रूट के सुनियोजित विकास हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। केंद्रीय गृह सचिव ने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जनपद में टेक्नोलॉजी हब विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। बैठक में गृह सचिव महोदय ने बद्रीनाथ मास्टर प्लान की प्रगति की भी जानकारी ली ।

...................................................................

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से पंजीकरण कराने की अपील की ।
- केंद्रीय गृह सचिव ने वाइब्रेन्ट विलेज योजना के अंतर्गत जिले के सीमांत गांवों के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– उत्तराखंड की संस्कृति और इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए मसूरी के जॉर्ज एवरेस्ट क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।
- और वन विभाग वन क्षेत्रों और नापखेतों में आग लगाने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायेगा।

...................................................................